दे दो अपनी नौकरी मैया जी इक बार भजन लिरिक्स

दे दो अपनी नौकरी,
मैया जी इक बार,
बस इतनी तनखा देना,
मेरा सुखी रहे परिवार,
दे दो अपनी नोकरी,
मैया जी इक बार।**bd।**

तर्ज – देना हो तो दीजिये।

तेरे काबिल नही है मैया,
फिर भी काम चला लेना,
जैसे भी है हम तेरे है,
गुण अवगुण बिसरा देना,
गर तेरी किरपा होगी,
मेरा सुधरेगा संसार,
दे दो अपनी नोकरी,
मैया जी इक बार।**bd।**

तुम तो जग जननी हो माँ,
मेरी क्या औकात है,
तेरी सेवा मिल जाए तो,
यह किस्मत की बात है,
मानूंगा तेरा कहना,
मैं करता हूँ इकरार,
दे दो अपनी नोकरी,
मैया जी इक बार।**bd।**

थोड़ी सी माया देकर के,
हमको ना बहलाओ जी,
आज खड़ा हूँ सामने तेरे,
कोई हुकुम सुनाओ जी,
'रोमी' की इस अर्जी पे,
अब मत करना इंकार,
Bhajan Diary,
दे दो अपनी नोकरी,
मैया जी इक बार।**bd।**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दे दो अपनी नौकरी,
मैया जी इक बार,
बस इतनी तनखा देना,
मेरा सुखी रहे परिवार,
दे दो अपनी नोकरी,
मैया जी इक बार।bd।

स्वर – राजू मेहरा जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com